

## एक नजर में

### राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जीरन में लगा नेत्र शिविर, 78 मरीज लाभान्वित



**नीमच।** राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जीरन में सोमवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 78 मरीजों की नेत्र जांच, उपचार एवं उचित मार्गदर्शन का लाभ प्रदान किया गया।विशेषज्ञों द्वारा जांच: शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता भारती एवं नेत्र चिकित्सा सहायक श्री गौरीशंकर राजावत ने मरीजों की जांच कर, आवश्यक परामर्श दिया।शिविर में मोतियाबिंद के 21, नखुना के 8, दूर की नजर की जांच (दृष्टिदोष)10, एलर्जिक इन्फेक्शन के 17, पास की नजर की जांच 15, पर्दे की जांच 4, ग्लूकोमा (काला पानी) एक, नासूर 2, कुल 78 मरीजों की जांच की गई। चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों को जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु पंजीकृत किया गया है।साथ ही दृष्टिदोष वाले मरीजों को आवश्यकतानुसार चश्मे व दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने बताया, कि जिले में मोतियाबिंद बैकलॉग को शून्य करने के लिए विकासखंड स्तर पर नियमित नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति अंधत्व का शिकार न हो।

### जादू और अभिनय से स्वच्छता का पाठ, जावद में जादूगर ढोंढुराम ने जगाई जागरूकता




**नीमच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तारापुर के प्रसिद्ध जादूगर ढोंढुराम द्वारा एक अनूठी जनजागरण पहल की जा रही है। वे अपनी जादुई कला और प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से जिले के गांव-गांव में स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश पहुंचा रहे हैं। इसी क्रम में जादूगर ढोंढुराम जावद पहुंचे, जहां उन्होंने रामपुरा दरवाजा, खोर दरवाजा, अठाना दरवाजा, धानमंडी, खुर्रा चौक, बस स्टैंड सहित नगर के विभिन्न प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अपने आकर्षक जादुई करतब प्रस्तुत किए। 'हाथ की सफाई' के हैरतअंगेज प्रदर्शनों के माध्यम से उन्होंने आमजन को मनोरंजन के साथ-साथ स्वच्छता की अच्छी आदतों और जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया।अपने प्रभावशाली मोनो एक्टिंग प्रदर्शन के जरिए उन्होंने संदेश दिया कि जल की प्रत्येक बूंद अमूल्य है तथा गंदगी फैलाना न केवल स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है।उन्होंने नागरिकों से जावद को स्वच्छता में प्रदेश का अग्रणी नगर बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। जादू और सामाजिक संदेश के इस अनूठे संगम को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आनंद लिया और स्वच्छता एवं जल संरक्षण के संकल्प को आत्मसात किया। इस अवसर पर नगर परिषद जावद के अध्यक्ष सोहनलाल माली, मुख्य नगरपालिका अधिकारी जगजीवन शर्मा सहित नगर के अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने जादूगर ढोंढुराम के इस अभिनव सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

### आईटीआई में करियर काउंसिलिंग 11 जून को

**नीमच।** जिले के समस्त युवाओं एवं युवतियों के लिए 11 जून 2026 को प्रात: 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आईटीआई पंजीयन मेला एवं करियर काउंसिलिंग शिविर आयोजित किया जा रहा है। महिला अभ्यर्थियों हेतु 35% सीटें आरक्षित हैं।इच्छुक अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में शासकीय आईटीआई नीमच (डूंगलावदा), जावद, मनासा, रामपुरा संस्थाओं में पहुंचकर पंजीयन कराएं।

## 60 लाख की ठगी का आरोप, एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित

- गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर रकम लेने, दस्तावेजों के दुरुपयोग और नाबालिग के जरिए दर्ज कराए गए प्रकरण पर उठाए सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग



**नीमच।** गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर 60 लाख रुपये की कथित ठगी, पहचान संबंधी दस्तावेजों के दुरुपयोग और रुपए वापस मांगने पर झूठे आपराधिक मामले में फंसाने की साजिश के आरोपों को लेकर कुकड़ेश्वर निवासी कन्हैयालाल पुरोहित सोमवार को समाजजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच की मांग की।

जानकारी अनुसार कन्हैयालाल पुरोहित पिता चांदमल पुरोहित निवासी ब्राह्मण मोहल्ला, कुकड़ेश्वर जिला नीमच एवं सुजीत पिता स्वर्गीय ललित कुमार भाबर, संचालक ओम अंजल भारत गैस, थांदला के मध्य गैस एजेंसी संचालन से संबंधित एक व्यावसायिक अनुबंध एवं व्यावसायिक संबंध रहे हैं। । एजेंसी संचालन एवं साझेदारी के नाम पर उनसे आधार कार्ड, फोटोग्राफ सहित अन्य दस्तावेज लिए गए थे। उनका दावा है कि गैस एजेंसी उपलब्ध कराने और व्यवसायिक कार्यों के नाम पर उनसे करीब 60 लाख रुपये लिए गए, लेकिन न तो एजेंसी संबंधी प्रक्रिया पूरी की गई और न ही राशि वापस लौटाई गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार जब उन्होंने रकम वापस मांगनी शुरू की तो उन्हें लगातार टालमटोल का सामना करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि झाबुआ जाकर संबंधित पक्ष से मुलाकात करने पर उन्हें गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी भी दी गई। ज्ञापन में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया है कि आर्थिक विवाद के बाद एक नाबालिग बालिका के माध्यम से थाना थांदला में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसके आधार पर प्रकरण कायम हुआ। पुरोहित का कहना है कि संबंधित बालिका या उसके परिवार से उनका कभी कोई परिचय अथवा संपर्क नहीं रहा।



## शिवपुरिया में पानी की लाइन का कार्य पूर्ण

- कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में दिए निर्देशों पर त्वरित अमल

**नीमच।** ग्राम टामोटी में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के त्वरित पालन में ग्राम शिवपुरिया मंदिर में पेयजल पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पाइप लाइन का जल परीक्षण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है।

जल निगम के महाप्रबंधक धीरेन्द्र बिजोरिया ने बताया कि ग्राम टामोटी में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने शिवपुरिया मंदिर क्षेत्र में पेयजल की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया था। कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तत्काल पाइपलाइन बिछाकर पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

**त्वरित कार्रवाई:** कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में जल निगम द्वारा त्वरित कार्य करते हुए शिवपुरिया मंदिर तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पाईपलाइन का प्रेशर टेस्ट व जल गुणवत्ता परीक्षण प्रारंभ कर दिया गया है।परीक्षण सफल होते ही क्षेत्र के रहवासियों को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिलने लगेगा।

## सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशिक्षण कार्यक्रम




**नीमच। आगामी सिंहस्थ-2028 के सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन को दृष्टिगत रखते हुए नीमच पुलिस द्वारा जिला स्तर पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा आज दिनांक 08 जून 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभाकक्ष में आयोजित द्वितीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास द्वारा प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों से संवाद कर सिंहस्थ महापर्व की व्यवस्थाओं, चुनौतियों एवं पुलिस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में पुलिस बल की दक्षता, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं त्वरित निर्णय क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस कर्मियों को व्यावहारिक परिस्थितियों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विदित हो कि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर जिले के समस्त पुलिस बल को दिनांक 01 जून 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक चरणबद्ध रूप से विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, संचार समन्वय, सुरक्षा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सक्षम बनाना है।

## बाढ़ राहत और आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में सोमवार को रामपुरा में गांधी सागर जलाशय के किनारे एसडीआरएफ की टीम नीमच द्वारा बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल की गई। इस मौके पर जिला होमगार्ड नीमच द्वारा बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में उपयोग में आने वाली बाढ़ राहत सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई और ग्रामीणों को घरेलू सामग्री से बाढ़ एवं एवं आपदा से बचाव के लिए उपकरण तैयार करने के बारे में बताया।

अपर कलेक्टर बी.एस. कलेश ने उपस्थितजनों को आपदा प्रबंधन पुस्तिका का वितरण किया और एसडीएम तथा अन्य अधिकारियों के साथ आपदा प्रबंधन सामग्री की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। होमगार्ड, कमाण्डेंट युवराज सिंह और पुष्पा पंवार ने आपदा प्रबंधन सामग्री और उनका बाढ़ के समय उपयोग करने की प्रक्रिया बताई।

इस प्रदर्शनी में एसडीआरएफ की टीम व्दारा घरेलू उपयोग की सामग्री, मटके, पानी की केन, टीन के डिब्बे और प्लास्टिक की पानी की बोतलों से तैयार की अतिवृष्टि एवं बाढ़ से बचाव की सामग्री के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया। एसडीम किरण आंजना, तहसीलदार मुकेश निगम, मृगेन्द्र सिसोदिया, जनपद सीईओ आरिफ खान एवं अन्य अधिकारी नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी डूब क्षेत्र के गांवों के कोटवार और अन्य मौजूद थे।

## अक्षांश पुरोहित ने जेई में शानदार सफलता हासिल की



**नीमच/मनासा।** भाटखेड़ी के होनहार छात्र अक्षांश पुरोहित ने जेई (एडवांस्ड) में शानदार सफलता हासिल कर परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन किया है।मनासा तहसील के छोटे से गांव भाटखेड़ी निवासी पुरोहित परिवार के छात्र अक्षांश पुरोहित ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर जेई (एडवांस्ड) 2026 में ऑल इंडिया रैंक (एयर) 5947 प्राप्त की है।अक्षांश की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनके पिता जगदीश पुरोहित परिवहन (ट्रांसपोर्ट) व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपने पुत्र को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से उदयपुर में अध्ययन की व्यवस्था की। अक्षांश ने भी माता-पिता के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और अपनी अथक मेहनत के दम पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

अक्षांश, भाटखेड़ी के प्रतिष्ठित पुरोहित परिवार के सदस्य एवं गोपाल कृष्ण पुरोहित के पौत्र हैं। उनकी इस सफलता को गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। जेई (एडवांस्ड) जैसी देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता मिलने पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, इष्ट मित्रों एवं ग्रामीणों ने अक्षांश को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी हैं। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से पूरे गांव और नीमच जिले का गौरव बढ़ा है।

## एक नजर

### समाजसेवी अशोक अरोरा ने माथे से लगाकर किया सम्मान

## 10 वर्षीय विभूति की हनुमान चित्रकला ने जीता दिल



**नीमच।** प्रतिभा, संस्कार और श्रद्धा जब एक साथ मिलते हैं तो वे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाते हैं।ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायक दृश्य शहर में उस समय देखने को मिला, जब 10 वर्षीय बालिका विभूति शर्मा द्वारा बनाई गई भगवान श्री हनुमानजी की सुंदर चित्रकला को वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अरोरा ने अपने माथे से लगाकर उसकी कला, भावना और संस्कारों का सम्मान किया।

जानकारी के अनुसार विभूति शर्मा प्रतिदिन की तरह अपने साथियों के साथ खेलने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात समाजसेवी अशोक अरोरा से हुई। विभूति ने उन्हें रुकने का आग्रह किया और कहा कि वह उनके लिए एक विशेष उपहार लेकर आती हैं।कुछ ही देर बाद वह अपने हाथों से बनाई भगवान श्री हनुमानजी की आकर्षक पेंटिंग लेकर लौटीं और उसे समाजसेवी अशोक अरोरा को भेंट किया।पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत विभूति शर्मा अधिवक्ता दर्शन शर्मा एवं कल्याणी शर्मा की पुत्री हैं। वह श्री किलेश्वर महादेव मंदिर, नीमच के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहलवानी से नीमच का नाम रोशन करने वाले वरिष्ठ पहलवान राजेन्द्र शर्मा की पौत्री हैं। विभूति ने अपने कोमल हाथों से भगवान श्री हनुमानजी का मनमोहक चित्र बनाकर अपनी विलक्षण कला प्रतिभा का परिचय दिया। चित्र पर अंकित जय श्री राम शब्द उसकी धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के प्रति गहरे लगाव को भी दर्शाते हैं।

इस अवसर पर समाजसेवी श्री अरोरा ने कहा कि इस भावपूर्ण चित्र को देखकर उनका मन श्रद्धा और स्नेह से भर गया। यह केवल एक पेंटिंग नहीं, बल्कि एक बालिका के निश्छल हृदय से निकली भक्ति, संस्कार और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण का जीवंत प्रतीक है।उन्होंने कहा कि आज के दौर में जब अधिकांश बच्चे मोबाइल और आधुनिक उपकरणों में व्यस्त रहते हैं, ऐसे समय में विभूति जैसी बाल प्रतिभाएं कला, संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवंत बनाए हुए हैं।

# मंदसौर

## एक नजर में

### बाल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश



**मंदसौर।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मिशन शक्ति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना, आफ्टर केयर योजना एवं पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही मिशन शक्ति अंतर्गत महिला हेल्पलाइन एवं वन स्टॉप सेंटर के प्रभावी क्रियान्वयन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल ने बाल देखरेख संस्था अपना घर के बच्चों के नियमित अध्ययन, दत्तक ग्रहण हेतु विधिमुक्त बच्चों के प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा संस्था में निवासरत बच्चों के आवश्यक दस्तावेज समय-सीमा में तैयार कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला योजना अधिकारी, प्रभारी अधीक्षिका बाल देखरेख संस्था अपना घर बालिका गृह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम बालागुढ़ा में भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ती/ अभिमत 15 जून तक प्रस्तुत करें

**मंदसौर।** मल्हारगढ़ तहसीलदार द्वारा बताया गया कि कार्यालय मुख?य चित्सिा एवं स?वास?थ?य अधिकारी मंदसौर द्वारा ग्राम बालागुढा में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम्बर 1204 मे से रकबा 0.2526 हेक्टेयर भूमि पर प्राथमीक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन प्रस?तुत किया है। प्राथमीक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए अभिमत 15 जून 2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।

## भारतीय शिक्षण मण्डल मालवा प्रांत का दो दिवसीय परिचायक वर्ग



**मंदसौर।** भारतीय शिक्षण मण्डल मालवा प्रांत का दो दिवसीय परिचायक वर्ग दिनांक 6 व 7 जून 2026 को सरस्वती शिशु मन्दिर संजीत मार्ग मन्दसौर पर सम्पन्न हुआ।

वर्ग में मन्दसौर, रतलाम व नीमच जिले के सदस्यों ने सहभागिता की एवं वर्ग संचालन हेतु पंकज नफाड़े अखिल भारतीय अधिकारी, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी क्षेत्रिय संयोजक, माया इंगले प्रांत अध्यक्ष, मनीष देवनानी प्रांत मंत्री, क्षितिज पुरोहित प्रांतिय उपाध्यक्ष, श्यामसुन्दर देशमुख वर्गाधिकारी उपस्थित रहे। वर्ग पूर्णतया आवासीय था। पूरे वर्ग अवधि में सभी प्रतिभागियों का मोबाईल कार्यालय में जमा किया गया था वर्ग समाप्ति पर सभी को वापस दिये गये।

प्रथम दिवस प्रथम सत्र में पंकज नफा? द्वारा परिचायक वर्ग क्यों आवश्यक है यह बताया गया उन्होंने बताया कि परिचायक वर्ग कार्यकर्ता निर्माण के लिये लगाया जाता है। संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा में भारतीयता का पुनर्जागरण जिसमें संस्कृति और संस्कारों को महत्व दिया जावे। परिचय सत्र के पश्चात रात्रि विश्राम किया गया।

द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रात: 6 बजे योग एवं प्राणायाम से की गयी जिसमें एकात्मता स्त्रोत को दोहराया गया श्री कन्हैया देशमुख द्वारा यह सत्र लिया गया अल्पाहार के पश्चात पंकज जी द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा, गुरुकुल पद्धति को आज के परिवेश में किस प्रकार शिक्षा में समाहित किया इसकी जानकारी दी। क्षेत्रीय संयोजक श्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी द्वारा कार्यकर्ता को संगठन में किस प्रकार एवं क्या-क्या कार्य सरल तरीके से करना चाहिये यह बताया। प्रांत अध्यक्ष श्रीमती माया इंगले ने मंडल संरचना को प्रत्यक्ष प्रयोग कर आसान तरीके से बताया कि किसी भी विषय को लेकर आपस में विमर्श कर चिन्तन के बाद समाधान कारक बिन्दू निकाले जावें। प्रांत मंत्री मनीष देवनानी ने संगठन के पांच आयाम अनुसंधान, प्रबोधन प्रशिक्षण, प्रकाशन एवं संगठन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

क्षितिज पुरोहित द्वारा मन्दसौर वर्ग की व्यवस्था संबंधी चर्चा की गयी, डॉ. श्रीमती अमृता सोनी द्वारा संगठन गीत दोहराया गया। वर्गाधिकारी श्यामसुन्दर देशमुख द्वारा वर्ग के दोनों दिनों की प्रारंभ से समापन तक की गतिविधियों की चर्चा की तथा वर्ग समाप्ति के पश्चात हमें क्या करना चाहिये यह बताया। जिला संयोजक विक्रम सिंह सिसौदिया ने वर्ग में पधारे सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र आचार्य द्वारा किया गया। वर्ग का समापन सामूहिक वंदेमातरम से हुआ।

## विश्वकर्मा समाज की एकता का होगा प्रदर्शन

- 14 जून को नीमच में जुटेंगे 12 राज्यों के प्रतिनिधि

**नीमच।** सारथी विश्वकर्मा सेवा कल्याण संगठन भारत के तत्वावधान में 14 जून को नीमच के टाउन हॉल में विश्वकर्मा समाज का भव्य प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में देश के 12 राज्यों से समाज के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं महिला पदाधिकारी शामिल होंगे। समाज की एकजुटता, संगठन विस्तार और राजनीतिक भागीदारी को लेकर आयोजित यह सम्मेलन विशेष महत्व रखता है।

सम्मेलन की जानकारी देते हुए युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मेवाड़ा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्वकर्मा समाज को एक सूत्र में पिरोकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंभू प्रसाद विश्वकर्मा पदभार ग्रहण करेंगे। वहीं विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधि समाज के विकास, सामाजिक उत्थान और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर व्यापक चर्चा करेंगे।

अरविंद मेवाड़ा ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से राजनीतिक दलों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाएगा कि विश्वकर्मा समाज को केवल वोट बैंक के रूप में नहीं देखा जाए। समाज की जनसंख्या, सामाजिक योगदान और भूमिका के अनुरूप उसे सत्ता और चुनावी राजनीति में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समाज की एकता, शक्ति और जागरूकता का बड़ा प्रदर्शन साबित होगा।

## एक नजर

### पौधों की सुरक्षा के लिए टी-गार्ड दान करने आगे आए समाजसेवी एवं दानदाता

## बड़े महादेव धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र में हुआ सघन पौधारोपण




**भानपुरा। धार्मिक, आरोग्य एवं पर्यटन क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध बड़े महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के उद्देश्य से सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर गणेश चौधरी ने किया। इस दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सप्तपर्णी, आम, जामुन, जामफल, गुड़हल, नीम एवं बेलपत्र सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।**

वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देते हुए कई दानदाता टी-गार्ड उपलब्ध कराने के लिए आगे आए। इस अवसर पर एक्सिस बैंक द्वारा 10, धीरज पोरवाल द्वारा 5 तथा अनिल पाटीदार द्वारा 5 टी-गार्ड भेंट करने की घोषणा की गई। इससे पूर्व समाजसेवी राकेश चोरड़िया द्वारा 10, स्वर्गीय अनोखीलाल मंगरोलिया एवं धर्मपत्नी कौशल्या देवी मंगरोलिया की स्मृति में 20 तथा संयुक्त शिक्षक मोर्चा द्वारा 25 टी-गार्ड भेंट किए जा चुके हैं।

आयोजकों ने कहा कि पौधारोपण तभी सार्थक होता है जब पौधों का संरक्षण और नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। इसी उद्देश्य से पौधों की सुरक्षा के लिए टी-गार्ड लगाए जा रहे हैं, जिससे आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र और अधिक हरित एवं पर्यावरण अनुकूल बन सके।